MID-APRIL TEST 2025-26
HINDI (085) (SET-1)

Class : X | Duration : 1 Hrs
Date : 16.04.2025 | Max. Marks : **25**
Admission No.: | Roll No.:

सामान्य निर्देश -

- प्रश्न पत्र में कुल 6 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- प्रश्न पत्र में कुल 2 पृष्ठ हैं। सर्वप्रथम जाँच कर लें।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

(खण्ड ख व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न 1 पदबंध पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (4x 1=4)

क) वह सप्ताह के अंत तक वापस लौटेगी (वाक्य में रेखांकित पद बंद बताइए)

ख) चोट खाए हुए तुम भला क्या खेलोगे?(रेखांकित पदबंध बताइए)

ग) वह खाना खाते-खाते सो गया । (पदबंध का चयन करके भेद लिखिए तथा कारण बताइए)

घ) घर के आँगन में लगे पेड़ सूख गए (वाक्य में संज्ञा पदबंध पहचानिए।)

प्रश्न 2 वाक्य रूपांतरण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (4x 1=4)

क) विपुल ने निशा से कहा कि वह भी दिल्ली चले। (सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए।)

ख) बच्चों ने जब दूध पिया तब खेलने चला गया। (वाक्य का रूप पहचान कर कारण बताइए।)

ग) चाय तैयार हुई और उसे प्यालो में भरकर हमारे सामने रख दिया । (मिश्र वाक्य में बदलिए)

घ) मैं खाना खाकर सो गया।(संयुक्त वाक्य में बदलिए)

प्रश्न 3 समास पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (4x 1=4)

क) जिस समास में उत्तर पद प्रधान होने के साथ ही साथ पूर्व पद तथा उत्तर पद में विशेषण-विशेष्य का तथा उपमेय -उपमान का संबंध भी होता है, उसे कौन सा समास कहते हैं?

ख) भाई -बहन (समास विग्रह कीजिए तथा भेद बताइए)

ग) आजन्म (समास विग्रह करते हुए कारण सहित भेद बताइए)

घ) पीला है अंबर जिसका (विष्णु) (समस्त पद बनाकर भेद बताइए)

प्रश्न 4 मुहावरों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (4x 1=4)

क) नौकरी पाने के लिए उसे बहुत ________पड़ा। (मुहावरा लिखिए)

ख) प्राण सुखना (अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए)

ग) पुलिस ने चोर को आड़े हाथों लिया (मुहावरे का चयन करके अर्थ लिखिए।)

घ) रामू हमेशा________ करता रहता है।(मुहावरा लिखिए)

(खण्ड ग लेखन कौशल)

प्रश्न 5 निम्न प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए - (अंक 4)

क) आप अपने विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव हैं। विद्यालय में आयोजित होने वाले वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के संबंध में विद्यार्थियों को सूचित करने के लिए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना लिखिए। इसमें तिथि, समय, स्थान तथा प्रतिभागियों के नाम देने की अंतिम तिथि का उल्लेख कीजिए।

ख) आपके विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। सभी विद्यार्थियों को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित करने हेतु लगभग 80 शब्दों में छात्र प्रमुख की ओर से सूचना तैयार कीजिए।

प्रश्न 6 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। (अंक 5)

क) अपने विद्यालय में पीने के स्वच्छ पानी की समुचित व्यवस्था हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए

ख) आप विवेकानंद विद्यालय ,आनंद नगर ,दिल्ली के दीप/ दीपिका गुप्ता हो ,प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर पुस्तकालय में हिंदी की पत्रिका मँगवाने का अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए।

====================== हार्दिक शुभकामनाएँ ======================